# अरब के शेखों को पसंद आए मुरादाबादी उत्पाद, बंपर आर्डर मिलने की उम्मीद

**जागरण संवाददाता, मुरादाबाद :** अमेरिकी टैरिफ के बाद निर्यातकों ने खाड़ी देशों में कारोबार की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। नौ से 11 सितंबर तक सऊदी के रियाद में चलने वाली तीन दिवसीय प्रदर्शनी में मुरादाबाद के निर्यातकों ने सजावट वाले विभिन्न डिजाइन के उत्पादों का प्रदर्शन किया। दो दिन में बड़ी संख्या में खरीदारों ने मुरादाबादी उत्पाद को पसंद किया।

निर्यातक के अनुसार, बड़ी तादाद में आर्डर मिलने की उम्मीद है। खरीदार अपने-अपने आर्डर ई-मेल के माध्यम से भेजने की बात कहकर गए हैं। स्टाल पर ही उत्पाद के दाम भी तय हो चुके हैं। वहीं, अक्टूबर में दिल्ली की प्रदर्शनी के बारे में भी बताया गया। जिससे प्रदर्शनी में विदेशी ग्राहकों की संख्या अधिक से अधिक हो सके। यह प्रदर्शनी इंडिया एक्सपो मार्ट में 13-17 अक्टूबर तक होगी।सऊदी के रियाद में चल रही प्रदर्शनी में मुरादाबाद के करीब 15 निर्यातक पहुंचे हैं। इस प्रदर्शनी में मस्जिद, घर, होटल, ड्राइंग रूम समेत सजावट के विभिन्न डिजाइनर उत्पाद को सजाया गया। सऊदी के शेख को उत्पाद की खासियत, मेटल और लकड़ी मिक्स वाले उत्पाद के बारे में बताया।

- मुरादाबाद के 15 निर्यातकों ने रियाद में चल रही प्रदर्शनी में पीतल, तांबा के उत्पादों का किया प्रदर्शन



सऊदी अरब के रियाद में प्रदर्शनी के दौरान मौजूद निर्यातक • सौ. निर्यातक

ईपीसीएच के सीओए सलमान आजम के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद निर्यातकों के सामने कारोबार का संकट खड़ा हो गया था। इसलिए पुराने कम आर्डर वाले बाजारों में संभावनाएं तलाश की जा रहीं हैं।

सऊदी के रियाद में शोरूम स्वामियों से पहले संपर्क किया गया था। इसके बाद तीन दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत की गई है। इसमें खरीदारों को भारतीय नक्काशी वाले उत्पाद पसंद किए जा रहे हैं।

- उत्पादों के दाम भी हुए तय, दिल्ली की प्रदर्शनी के बारे में दी जानकारी, 100-500 पीस के आर्डर मिले



बर्तन बाजार स्थित दुकान में बिक्री के लिए रखे पीतल के चिराग व कलश • जागरण

कुछ लोगों को 100 से लेकर 500 पीस तक के आर्डर मिले हैं। इनकी आपूर्ति के बाद खपत के हिसाब से आर्डर मिलने की उम्मीद है। वहीं, दुबई में भी निर्यातकों ने अपने-अपने शोरूम पर माल को सजाया है। कुछ निर्यातक अपने स्टोर बनाने के लिए जगह तलाश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां से दुबई को माल भेजकर नुकसान की भरपाई का प्रयास होगा।

## दीवाली के चलते पीतल के दीयों के मिलने लगे आर्डर

वोकल फार लोकल के तहत दीपावली पर पीतल के दीयों की तैयारी शुरू हो गई है। भरपूर तो नहीं, लेकिन, कारखानों में दीयों को लेकर काम शुरू हो गया है। शहर मे करीब एक हजार कारखाने है। शहर के होलसेल व्यापारियों के पास दूसरे राज्यों से आर्डर मिलने के बाद कारखानेदारों को आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। टैरिफ लगने के बाद से कारखानों में काम का अभाव हो गया था। निर्यात फर्मों से अभी भी आर्डर का अभाव है। उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली को लेकर और भी काम बढ़ेगा। इससे पीतल का काम करने वाले आर्टिजन खाली नहीं बैठेंगे। माल तैयार होने के दौरान ही पैक होकर चला जाएगा। ब्रास कारखानेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी आजम अंसारी के अनुसार, देसी काम करने वाले कारखानेदारों के पास काम शुरू हुआ है। सप्ताह भर में अधिकतर के पास काम शुरू हो जाएगा।



मंडी चौक स्थित दुकान में रखा पांच बत्ती वाला दीपक • जागरण



दुकान में रखा पीतल का दीप • जागरण